भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

G20 भारत 2023 INDIA

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 04.03.2023

## आरेडिका में जीएम कप का फाइनल खेला गया।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना,रायबरेली के गोमती इण्डोर स्टेडियम में दिनांक–03.03.2023 को सामान्य शाखा और रेलवे सुरक्षा बल के बीच महाप्रबंधक कप–2023 का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें सामान्य शाखा के खिलाड़ियों के द्वारा रेलवे सुरक्षा बल के खिलाड़ियों को 63 रन के भरी–भरकम स्कोर से हराया।

सामान्य शाखा के बल्लेबाज पवन कुमार की बल्लेबाजी और मुन्ना सिंह की गेंदबाजी के कमाल से रेलवे सुरक्षा बल के खिलाड़ी को 98 रन का जीत के लिए टारगेट दिया लेकिन आरपीएफ के खिलाड़ी निर्धारित 8 ऑवरों में मात्र 34 रन ही बना सके। पवन कुमार के उमदा प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ सीरीज पुरस्कार प्रदान किया है।

आरेडिका के महाप्रबंधक श्री एसएस कलसी ने भी विजेता खिलाड़ियों को जीत के लिए बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

आरेडिका के खेल–कूद संघ के अध्यक्ष श्री एसके कटियार ने खिलाड़ियों को शील्ड देकर सम्मानित किया और भविष्य में सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। श्री कटियार ने बाताया कि कर्मचारियों की खेल प्रतिभा के विकास के लिए इस प्रकार के खेल आयोजन समय –समय पर आयोजित किए जाते रहते हैं।

इस अवसर पर आरेडिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

04/3/2023

(आर एन तिवारी)

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी